mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-26 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

26 जनवरी 2025 रविवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित

## शुभकामनाएं



समस्त प्रदेशवासियों को दैनिक समाचार पत्र परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

## अवकाश

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र कार्यालय में गणतंत्र दिवस **26 जनवरी 2025** को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक **28 जनवरी, 2025** को प्रकाशित होगा।

- संपादक

## माफियाराज खत्म करने वाले पुलिसकर्मियों को मिलेगा सम्मान

**लखनऊ (एजेंसी)।** गणतंत्र दिवस 2025 के मौके पर उत्तर प्रदेश के 95 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मी सभी जांबाजों को मेडल पहनाकर सम्मानित करेंगी। 17 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक, पांच को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक, 73 को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जाएगा।

## अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र किया जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र 3.0 का विमोचन किया और कहा कि भाजपा के लिए



संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है। यह कोरे वायदे नही होते हैं। 1 लाख 8 हजार लोगों के सुझाव और 62 हजार समूह के सुझाव पर संकल्प पत्र बनाया गया है। इसके बाद शाह ने दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां एक ऐसी सरकार केजरीवाल चला रहे हैं, जो झूठे वादे करते है और फिर मासूम सा चेहरा लेकर चुनाव के लिए जनता के बीच आ जाते हैं।

अमित शाह ने आगे कहा, केजरीवाल ने कहा था कि कोई मंत्री सरकारी बंगला नही लेंगे लेकिन बंगला लिए और शीश महल भी बनवाया। करोड़ों के घर मे रह रहे हैं, जिसका दिल्ली की जनता जवाब मांग रही है। शराब का घोटाला किया और शराब का घोटाला शिक्षा मंत्री ने किया है। केजरीवाल ने कहा कि था कि सात साल में यमुना को शुद्ध करने को कहा था और दिल्ली वालों के सामने डुबकी लगाने को कहा था। दिल्ली की जनता इंतजार कर रही है अगर यमुना में डुबकी नहीं लगा सकते तो कुम्भ में जाकर डुबकी लगा लें।

इन्होंने विज्ञापन इतने दिए कि दिल्ली का कूड़ा उठाने का भी पैसा नहीं रहा। गंभीर झूठ चुनाव को प्रभावित करने के लिए फैलाया जा रहा है, भाजपा आएगी तो सभी योजनाएं बंद कर दी जाएगी ।इतना बड़ा झूठ कभी सोच सकते हैं। झूठ की राजनीति बंद करना चाहिए। वायदा हर कोई करेगा लेकिन उसे पूरा करने का काम सिर्फ़ मोदी सरकार ही कर पायेगी। प्रदूषण , भ्रष्टाचार मुक्त करने को कहा और इनके नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल गए। कूड़ा खत्म नही किया, आज पूरी दिल्ली कूड़े से परेशान है।

**पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण में अधिक सक्रिय होने की जरूरत**

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने राष्ट्र को किया संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, ÷हममें से प्रत्येक को जलवायु परिवर्तन के वैश्विक खतरे का मुकाबला करने के प्रयासों में योगदान देना चाहिए। इस संबंध में दो अनुकरणीय पहल की गई हैं। वैश्विक स्तर पर, भारत एक जन आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है, जिसे पर्यावरण के लिए मिशन लाइफस्टाइल कहा जाता है, ताकि व्यक्तियों और समुदायों को पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण में अधिक सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया जा सके।

**राष्ट्रपति के भाषण की प्रमुख बातें:** पिछले साल, विश्व पर्यावरण दिवस पर, हमने एक अनूठा अभियान, शुरू किया था %एक पेड़ मां के नाम।% ये संदेश हमारी माताओं के साथ-साथ प्रकृति की पोषण शक्ति को भी बेहतर बनाने के लिए है। इसके तहत देश ने 80 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य समय सीमा से पहले हासिल कर लिया। दुनिया ऐसे अभिनव कदमों से सीख सकती है जिन्हें लोग आंदोलन के तौर पर अपना सकते हैं।÷



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान भारत की सामूहिक पहचान की अंतिम नींव के रूप में कार्य करता है और लोगों को एक परिवार के रूप में बांधता है। हमारा संविधान एक जीवित दस्तावेज बन गया है। संविधान सभा ने, लगभग तीन वर्षों की बहस के बाद, 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया। उस दिन, 26 नवंबर को 2015 से संविधान दिवस यानी संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

यह वह समय है जब भारत की लंबे समय से सोई हुई आत्मा फिर से जाग गई है और राष्ट्रों के समुदाय में अपना उचित स्थान हासिल करने के लिए कदम उठा रही है। सबसे पुरानी सभ्यताओं में से, भारत को कभी ज्ञान के स्रोत के रूप में जाना जाता था। वहां, हालांकि, एक काला दौर आया और औपनिवेशिक शासन के तहत अमानवीय शोषण के कारण अत्यधिक गरीबी आ गई।

हम इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जो स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिनिधि के रूप में खड़े हैं, जिनकी राष्ट्रीय इतिहास में भूमिका को अब सही अनुपात में पहचाना जा रहा है। बीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में, उनके संघर्ष एक संगठित राष्ट्रव्यापी स्वतंत्रता आंदोलन में समेकित हुए।

यह देश का सौभाग्य है कि उसे महात्मा गांधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर और बाबासाहेब अम्बेडकर जैसे लोग मिले, जिन्होंने इसके लोकतांत्रिक लोकाचार को फिर से खोजने में मदद की। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सैद्धांतिक अवधारणाएं नहीं हैं जिन्हें हमने आधुनिकता में सीखा है। वे हमेशा से हमारी सभ्यतागत विरासत का हिस्सा रहे हैं।

## 'सैफ अली खान पर हमले की वारदात में शामिल थे कई लोग'



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस को संदेह है कि अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमले की वारदात में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मामले में 30 वर्षीय एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने अपराध में और लोगों की संलिप्तता के संदेह का हवाला देते हुए गिरफ्तार आरोपी की हिरासत का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 16 जनवरी को बांद्रा में अभिनेता के घर पर हुए हमले के बाद सैफ अली खान और उनके कर्मचारियों के खून के नमूने व कपड़े एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेज दिया है। पुलिस ने हमले के आरोप में 19 जनवरी को पड़ोसी ठाणे शहर से बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फाकिर उर्फ ??विजय दास को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को एक अदालत ने शरीफुल की पुलिस हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ा दी। अधिकारी ने कहा कि आरोपी जांच टीम के साथ सहयोग नहीं कर रहा और उसने अभी तक यह नहीं बताया है कि उसने अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू कहां से खरीदा था? उन्होंने कहा कि अभिनेता और आरोपी के खून के नमूने व कपड़े एफएसएल को भेजे गए हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि आरोपी के कपड़ों पर लगा खून सैफ अली खान का था या नहीं। उन्होंने कहा कि सैफ अली खान के अपार्टमेंट से एकत्र किए गए फिंगरप्रिंट आरोपी के फिंगरप्रिंट से मेल खाते हैं।









# निष्पक्ष निर्वाचन और मतदाताओं की सहभागिता, लोकतंत्र का मूलाधार–राज्यपाल पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली और मतदाताओं की सहभागिता, लोकतंत्र का मूल आधार है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आयोग, कम मतदान वाले केन्द्रों को चिन्हित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने जनजागृति के विशेष प्रयास करें। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।

राज्यपाल श्री पटेल ने निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्तर के अधिकारी–कर्मचारी और आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण भी किया गया। राज्यपाल ने आयोग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के वीडियों संदेश का प्रसारण भी किया गया।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश के 52 जिलों में महिलाओं का पंजीकरण पुरूषों की तुलना में अधिक हुआ है। यह लोकतंत्र के समावेशी स्वरूप की बढ़ती ताकत का प्रतीक है।

आयोग को ऐसे मतदान केन्द्रों को चिन्हित करना चाहिए जहां विगत कई चुनाव से कम मतदान हो रहा है। ऐसे मतदान केन्द्रों में जाकर कारणों को समझें। वहां की जनता से बात करें। उन्हें लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी दे और मतदान प्रतिशत बढ़ाने विशेष नवाचार करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने आयोग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2025 में प्राप्त आवेदनों के 99.9 प्रतिशत ऑनलाइन निराकरण की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने इसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के प्रयासों और दूरदशिता का प्रमाण बताया और उनके प्रति आभार ज्ञापित किया।

## रुक जाना नहीं (परीक्षा दिसंबर 2024) का परीक्षा परिणाम घोषित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के वर्ष–2024 के द्वितीय सत्र की परीक्षाएँ दिनांक 18 दिसंबर 2024 से दिनांक 06 जनवरी 2024 तक आयोजित हुईं। कक्षा 10 एवं 12 की रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा में कुल 81749 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। दिनांक 24 जनवरी 2025 को रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 10 में 21052 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 52.71 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 में 23187 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत रहा। 41 प्रतिशत परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 में 40.16 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी तथा कक्षा 12 में 41.00 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी द्वारा आगामी आ लौट चलें'' (जून 2025) परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरे जा सकते हैं। परीक्षा फार्म एवं अन्य जानकारी म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## वर्ष 2025 का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (नियमित/स्वाध्यायी) वर्ष 2025 का परीक्षा कार्यक्रम पूर्व में प्रसारित किया गया था। पूर्व में प्रसारित हाईस्कूल परीशा कार्यक्रम में दिनांक 19 मार्च 2025 को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा दिनांक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार, को आयोजित की जाएगी। हायर सेकण्डरी परीक्षा की दिनांक 19 मार्च 2025 दिन बुधवार, को आयोजित के समर्त विषय एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा दिनंक 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। संशोधित परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट पर देखे जा सकते है। संस्था प्राचार्य संशोधित परीक्षा कार्यक्रम से छात्रों को अवगत करायें। शेष परीक्षा कार्यक्रम यथावत रहेगा।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मदन मोहन गुप्ता के निधन पर किया शोक व्यक्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर ऑफ सर्जरी और हमीदिया अस्पताल, भोपाल के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता के पिता डॉ. मदन मोहन गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्व. डॉ. गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी अमूल्य सेवाएं देकर समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने परमपिता परमेश्वर से स्व. डॉ. मदन मोहन गुप्ता को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजन को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## भोपाल सहित पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में अब तक 94 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां स?मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां समय पर बिलिंग और रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है। उससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 94 हजार 444 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

## 5 हजार 394 से अधिक जनजातीय घर हुए रोशन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) में आरडीएसएस के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 जनजातीय बहुल जिलों में अब तक 5 हजार 394 घरों को रोशन किया है। गौरतलब है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के इन दस जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन, मुरैना और भिण्ड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के तहत अब शेष 9,424 जनजाति हितग्राहियों के घरों को शीघ्र ही विद्युतीकृत कर रोशन किया जाएगा। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है, जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। इस योजना में जनजातीय बहुल गावों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है, जिसमें कंपनी के अंतर्गत ग्वालियर में 46, विदिशा में 1370, अशोकनगर में 340, श्योपुर में 155, दतिया में 403, गुना में 916, शिवपुरी में 1884, रायसेन में 237 और भिण्ड में 43 घरों में बिजली पहुंचाई गई है।

## सात सम्मानों से अलंकृत होंगी प्रदेश व देश की 14 विभूतियां

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा बीते दिनों की गई थी। इन सम्मानों का अलंकरण समारोह 26 जनवरी, 2025 को सायं 7 बजे से रवीन्द्र भवन परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इन सम्मानों में राष्ट्रीय इकबाल सम्मान, राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान, राष्ट्रीय कबीर सम्मान, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, राष्ट्रीय देवी अहिल्या बाई सम्मान, राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान, राष्ट्रीय तुलसी सम्मान, राष्ट्रीय नानाजी देशमुख सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

संचालक संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति के क्षेत्र में सुदीर्घ साधना एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय इकबाल सम्मान वर्ष 2022 से श्री अब्दुस समद – पटना को अलंकृत किया जाएगा।

राष्ट्रीय महात्मा गांधी सम्मान वर्ष 2022 से ग्वालियर की विवेकानंद नीडम संस्था और वर्ष 2023 से भारत भारती शिक्षा समिति, बैतूल को अलंकृत किया जाएगा। राष्ट्रीय कबीर सम्मान वर्ष 2022 से श्री रामदरश मिश्र, दिल्ली और वर्ष 2023 से श्री लीलाधर जगूड़ी, उत्तराखण्ड को अलंकृत किया जाएगा। वहीं, राष्ट्रीय मैथिलीशरण गुप्त सम्मान वर्ष 2022 से डॉ. देवेन्द्र दीपक, भोपाल और वर्ष 2023 से सुश्री नीरजा माधव, वाराणसी को अलंकृत किया जाएगा।

राष्ट्रीय देवी अहिल्या बाई सम्मान वर्ष 2022 से श्रीमती हेमलता उपाध्याय, खण्डवा और वर्ष 2023 से श्रीमती गीता त्यागी, प्रयागराज को अलंकृत किया जाएगा। राष्ट्रीय शरद जोशी सम्मान वर्ष 2022 से श्री कैलाशचंद्र पंत, भोपाल और वर्ष 2023 से डॉ. प्रभात कुमार भट्टाचार्य, उज्जैन को अलंकृत किया जाएगा। राष्ट्रीय तुलसी सम्मान वर्ष 2023 से श्री राघवराज भट्ट, हैदराबाद और वर्ष 2023 से श्री दिनेशचंद्र कुम्हार, राजसमंद (राजस्थान) से अलंकृत किया जाएगा।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रेन्ड एम्बेसडर सुश्री भावना ने माउंट एकॉनकागुआ में फहराया भारत का झंडा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रेन्ड एम्बेसडर पर्वतारोही सुश्री भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट एकॉनकागुआ (6961 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का झंडा फहराया है। उन्होंने यह उपलब्धि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्षों को समर्पित किया है।

महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भावना की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि म ध्यप्रदेश की बेटी ने न सिर्फ सम्पूर्ण भारत को गौरवान्वित किया है बल्कि यह संदेश भी दिया है कि बेटियाँ बेटों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सुश्री भावना की इस उपलब्धि से समाज में बेटियों के प्रति



सकारात्मक बदलाव के साथ उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दृढ़ता मिलेगी।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तथा मरीजों की संतुष्टि के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपना कर्तव्य पूरी सावधानी और सेवाभाव के साथ निभाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आई अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया। साथ ही अपने आँखों की जाँच भी करायी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में डॉक्टर्स से चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. सोडी, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

## 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी। शपथ में अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी। इस अवसर पर सचिव श्री अनिल सुचारी सहित मंत्रालय एवं सतपुड़ा–विंध्याचल भवन के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन 25 जनवरी, 2025 को किया जा रहा है। वर्ष 2012 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान की स्थापना की गई थी। यह सम्मान मंचीय कविता के क्षेत्र में श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट अवदान के लिए कवि/कवियित्री को सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। इस सम्मान के अन्तर्गत पांच लाख रुपये की राशि और सम्मान पट्टिका भेंट की जाती है। वर्ष 2023 का यह प्रतिष्ठित सम्मान अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. सुरेश अवस्थी को प्रदान किया जावेगा। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 7 बजे किया जा रहा है। इसमें ओज के सुविख्यात कवि डॉ.हरिओम पंवार – मेरठ, डॉ. कीर्ति काले – दिल्ली, डॉ. कमलेश शर्मा – इटावा, श्री मदन मोहन समर — भोपाल, डॉ. भुवन मोहिनी – इंदौर, श्री अमित शर्मा – नोएडा, श्री गौरव साक्षी – इंदौर, श्री रमेश चन्द्र चांगेसिया प्रभात – बड़नगर अपनी–अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा, पहले आओ – पहले पाओ की तर्ज पर स्थान प्रदान किया जा सकेगा। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश अवस्थी का जन्म 15 फरवरी, 1953 में ग्राम कहिंजरी, कानपुर देहात में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री भैया लाल अवस्थी एवं माता का नाम श्रीमती ज्ञानवती अवस्थी है। आपकी शिक्षा एमए, बीएड, पीएचडी (हिंदी साहित्य) छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से पूर्ण हुई। आप गुरु नानक कॉलेज, कानपुर में हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं, साथ ही दैनिक जागरण, कानपुर में 26 वर्षों से शिक्षा की मानक पत्रकारिता भी जारी है।

आपकी प्रकाशित कृतियां आंधी बरगद और लोग (कविता संग्रह), शीतयुद्ध (कथा संग्रह), चप्पा चप्पा चरखा चले (पद्य व्यंग्य संग्रह), सब कुछ दिखता है (गद्य व्यंग्य संग्रह), नो टेंशन (गद्य व्यंग्य संग्रह), व्यंग्योपैथी (व्यंग्य संग्रह), कैंची और आलपिन (पद्य व्यंग्य संग्रह), बन कर खिलो गुलाब (दोहा संग्रह), दीवारें सुन रही हैं (ग़ज़ल संग्रह), डॉ. सुरेश अवस्थी के प्रमुख व्यंग्य (गद्य व्यंग्य संग्रह) इत्यादि हैं। आपको हिंदी शिक्षण व साहित्य प्रसार के लिए राष्ट्रपति सम्मान 2008, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का पंडित श्री नारायण चतुर्वेदी स्मृति सम्मान, काका हाथरसी स्मृति हास्य व्यंग्य, विक्रमादित्य सम्मान , मध्य प्रदेश सहित अन्य हैं। इसके अलावा विदेश में उच्चायुक्त लन्दन में दो बार सम्मान, इंग्लैंड में उच्चायोग की ओर से दो बार सम्मान, यूके हिंदी समिति, इंग्लैंड द्वारा सम्मान सहित अमेरिका एवं कनाडा में भी आपको विशेष सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। हिंदी भाषा प्रसार के अंतर्गत अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, दुबई, इंडोनेशिया, मलेशिया, बहरीन, नाइजीरिया, मस्कट, मॉरीशस, बैंकाक, केन्या सहित डेढ़ दर्जन से अधिक देशों की काव्य यात्राएं कर चुके हैं। आपने देश में लाल किला के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में दो बार काव्यपाठ, संसद भवन में भारत रत्न अटल में आयोजित कवि सम्मेलन में काव्यपाठ के साथ ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित देश के कई शहरों के कवि सम्मेलनों/मुशायरों में निरन्तर काव्यपाठ, संयोजन व संचालन कर चुके हैं।

## खाद्य विभाग के 70 अधिकारियों ने लिया आनंदम सहयोगी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल में खाद्य विभाग के 70 अधिकारियों ने तीन दिवसीय आवासीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण लिया। समापन सत्र में राज्य आनंद संस्थान के सीईओ श्री आशीष कुमार ने कहा कि जनता के बीच सीधे जाकर काम करने वाले अधिकारियों का तनाव मुक्त रहना जरूरी है। आनंद विभाग के इस प्रशिक्षण से अधिकारियों–कर्मचारियों में अंतर्विरोध कम होगा, दूसरों से अच्छा व्यवहार करने में मदद मिलेगी, उनके खुद के जीवन में आये सकारात्मक बदलाव से समाज में परिवर्तन आएगा।



संयुक्त संचालक खाद्य की श्रीमती सुकृति सिंह ने कहा कि प्रदेश के खाद्य अधिकारियों कर्मचारियों का प्रशिक्षण जारी रहेगा। प्रत्येक माह कम से कम दो प्रशिक्षण सत्र जरूर आयोजित होते रहेंगे। यह प्रशिक्षण परस्पर मेलजोल की जगह चेतना को जागृत करने पर केंद्रित है। संस्थान के डायरेक्टर श्री प्रवीण कुमार गंगराड़े और श्री सत्य प्रकाश आर्य ने भी संबोधित किया।

सभी अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण को बार–बार आयोजित करने तथा उनके परिवार के सदस्यों को भी शामिल करने का आवाहन किया। खाद्य अधिकारी श्री लक्ष्मण प्रसाद लुहार ने कहा कि मेरे अंदर की उथल–पुथल कम हुई है। अल्पविराम ने अर्थ से फर्श का सफर सेकेंडो में पूरा कर दिया। सुश्री मधुलिका ने कहा कि यहां आकर सब कुछ रिलाइज हुआ है प्रशिक्षण में न आती तो बहुत कुछ खो देती,छतरपुर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण नहीं ट्रीटमेंट है और इसकी खास बात यह है कि यह आपको ठीक करने के बाद आपको डॉक्टर भी बना देता है। यहाँ आकर खुद के अंदर झांक पा रहा हूं। मेरे व्यवहार का दूसरों पर क्या असर पड़ता है, उसे देख पा रहा हूं। यह प्रशिक्षण व्यवस्थित विज्ञान है।

# सतना नगर निगम में जीपीएफ घोटाला

## कर्मचारियों के जीपीएफ खाते से लाखों की धोखाधड़ी, लिपिक सस्पेंड




**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना नगर निगम में जीपीएफ शाखा में एक बड़ा घोटाला प्रकाश में आया है, जहां शाखा लिपिक द्वारा निगम के स्थायी कर्मचारियों के जीपीएफ खातों से लाखों रुपए का अवैध आहरण किया गया। प्रारंभिक जांच में 5 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब फायर मैन अनूप वर्मा ने अपनी पासबुक में इंट्री करवाते समय पाया कि उनके खाते से अतिरिक्त 30 हजार रुपए की निकासी हुई है। अगस्त 2024 में उन्होंने 40 हजार रुपए निकाले थे, लेकिन पासबुक में 70 हजार रुपए का एंट्री दिखाया गया। मध्यांचल ग्रामीण बैंक में जांच करने पर पता चला कि फर्जी हस्ताक्षर के जरिए यह राशि निकाली गई।

जांच में यह भी सामने आया है कि यह अकेला मामला नहीं है। अब तक कम से कम 6 कर्मचारियों के जीपीएफ खातों से इसी तरह की धोखाधड़ी की गई है। कुल मिलाकर एक दर्जन से अधिक कर्मचारी इस घोटाले के शिकार हुए हैं। निगम प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित लिपिक को सस्पेंड कर दिया है और एक तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है।

इस घोटाले में बैंक कर्मियों की संदिग्ध भूमिका की भी जांच की जा रही है। फिलहाल निगम प्रशासन मामले को गोपनीय रखते हुए आंतरिक जांच कर रहा है। यह घटना नगर निगम की वित्तीय प्रणाली में मौजूद खामियों और निगरानी की कमी को उजागर करती है।

**ऐसे करता था खेल:** निगम में यह खेल जीपीएफ लिपिक अभिलाष श्रीवास्तव के द्वारा खेला जा रहा था। उसके द्वारा जीपीएफ निकालने का आवेदन मिलने पर तय प्रारूप के दो विड्राल फॉर्म तैयार किए जाते थे। दोनों में कर्मचारियों के हस्ताक्षर करवाता था। एक फॉर्म आफिस कॉपी होना बताता था। इसके बाद अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर फॉर्म पास करवा लेता था। एक कॉपी कर्मचारी को दे देता था, जिससे कर्मचारी राशि निकाल लेता था। दूसरे फॉर्म से वह खुद बैंककर्मी से मिलकर राशि निकालता था।

**3 सदस्यीय टीम गठित:** मामला संज्ञान में आने पर निगम आयुक्त शेर सिंह मीणा ने लिपिक को निलंबित कर दिया है। और पूरे मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है। महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि जांच के बाद दोषी लिपिक के खिलाफ पुलिस में अपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने 76वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा/सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने इस दिन को भारतीय लोकतंत्र की आत्मा और संविधान निर्माताओं के प्रयासों की अद्वितीय उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे कर्तव्यों का स्मरण कराता है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार समृद्धिए विकास और जनता के कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे के विस्तारए अत्याधुनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी गणतंत्र दिवस की भावना को आत्मसात करें और देश एवं प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एकजुटताए परिश्रम और सामूहिक प्रयासों से मध्यप्रदेश देश के सबसे प्रगतिशील राज्यों में अपनी पहचान बनाएगा।

## कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा सतना जिले के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह पर्व हमें राष्ट्र प्रेम एवं आपसी सद्भाव के साथ एकजुट होकर अपने कर्तव्यों का समर्पित भाव से निर्वहन करते हुए देश-प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सहभागिता निभाने की प्रेरणा देता है। हमें देश के विकास और उज्जवल भविष्य के लिए सदैव जागरूक रहते हुए सक्रिय रूप से लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाना चाहिए।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसएएफग्राउंड होगा आयोजित मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रातः 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफमैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 9.08 बजे से माननीय मुख्यमंत्री जी के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह मंप आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रातः 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे। समारोह में प्रातः 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा। समारोह में प्रातः 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि प्रातः 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे। समारोह का समापन प्रातः 11 बजे होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री शुक्ल दोपहर 12 बजे से हाईस्कूल चोरहटा में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भोपाल तथा सतना के लोक कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# 12 साल पुरानी स्कूल बसें होंगी बंद

## 512 में से 82 बसें टेस्ट में फेल, प्रशासन ने की थी जांच




**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को सतना और मैहर जिले में स्कूल बसों की जांच की गई, जिसमें 512 बसों में से 82 बसें फेल पाई गईं। एआरटीओ ने इन बसों को अनफिट घोषित कर दिया है।

एआरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि चिह्नित की गई बसों के स्कूल संचालकों से घोषणा पत्र लिया जा रहा है, जिसमें वे यह सुनिश्चित करेंगे कि अनफिट घोषित बसों का संचालन नहीं किया जाएगा। जल्द ही समय सीमा तय की जाएगी, जिसके बाद ये बसें सड़कों पर नहीं चल सकेंगी।

स्कूल संचालकों ने इस फैसले पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि वर्तमान में एक नई बस की कीमत कम से कम 25 लाख रुपए है, जिससे उन पर अचानक आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है।

अभिभावकों का मानना है कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह कदम स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगा।

## राज्यमंत्री ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की हैं। राज्यमंत्री बागरी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि गणतंत्र दिवस संविधान की सर्वोच्चता का पर्व है। इस पर्व सभी नागरिकों को देश की एकता, अखंडता और अक्षुण्णता को बनाये रखते हुये विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिये।

## पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

### मताधिकार का अधिकार प्राप्त होने के साथ ही हमारी लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ती है: सीईओ



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पंद्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा सभी उपस्थित मतदाताओं को निर्वाचन प्रिॅ या में निर्भीक होकर सहभागिता की शपथ दिलायी गयी। कार्यॅ म में बुजुर्ग मतदाताओं का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। नए मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किए गए। साथ ही लोकसभा निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि भारत विश्व का पहला देश है जहां 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता के रूप में समान अधिकार दिए हैं। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बिना लिंग, जाति, समुदाय के भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जाता है। सभी के मतों का मूल्य भी समान है। इस अधिकार ने महिलाओं को पुरुषों के साथ बराबरी का अवसर भी दिया है। यह भी देखा गया है कि गत निर्वाचनों में महिला मतदाताओं की सहभागिता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा देश के मतदाताओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। दुर्गम से दुर्गम क्षेत्र तक पहुंच कर मतदान कराया जाता है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि मताधिकार का अधिकार प्राप्त होने के साथ ही हमारी लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ती है। मतदाता होने पर हमें अपने लिए एक अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलता है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए और सभी निर्वाचनों में उत्साह के साथ सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, कुसमी प्रिया पाठक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, बीएलओ एवं नवीन मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह छत्रसाल स्टेडियम सीधी में मनाया जाएगा। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व हमें राष्ट्रभक्ति, देश प्रेम और भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें संविधान में निहित आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का स्मरण कराता है।

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि आइए, हम सभी प्रेम, भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द की अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखें। जिले के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें और प्रदेश तथा देश की प्रगति में सक्रिय सहभागी बनें।

## मैहर में प्रभारी मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नवगठित जिला मैहर में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। मैहर जिले के गणतंत्र दिवस के द्वितीय जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री मैहर राधा सिंह ध्वजारोहण करेंगी। जिला स्तरीय मुख्य समारोह मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9:05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगी। प्रातः 9:05 बजे से 9:10 बजे तक परेड का निरीक्षण, प्रातः 9:10 बजे से 9:30 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रातः 9:30 बजे से 9:40 तक मार्चपास्ट, प्रातः 9:40 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, विभिन्न विभागों द्वारा झाकियों का प्रदर्शन एवं प्रातः 10:30 बजे से पुरुस्कार वितरण किया जायेगा।

**'भारत पर्व का कार्यक्रम सरस्वती स्कूल में':** गणतंत्र दिवस की संध्या पर मैहर जिले में भारत पर्व का आयोजन मैहर के सरस्वती स्कूल में आयोजित किया जायेगा। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन सांस्कृतिक, देशभक्ति गीतों के माध्यम से किया जायेगा। आयोजन स्थल पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं एवं संविधान से संबंधित छाया चित्र प्रदर्शनी लगाई जायेगी। मैहर जिला मुख्यालय में भारत पर्व का कार्यक्रम 26 जनवरी की शाम 5 बजे से सरस्वती विद्यालय मैहर में होगा। नोडल अधिकारी तहसीलदार मैहर जीतेन्द्र पटेल ने बताया कि मैहर में कार्यक्रम के लिए बुन्देली लोकगीत के लिए गोविन्द सिंह यादव एवं साथी विदिशा तथा करमा, बधाई लोकनृत्य के लिए छिद्दीलाल जबलपुर एवं साथियों को प्रस्तुतियां देने संस्कृति विभाग द्वारा चयन किया गया है।

## कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** जिले में 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि देश की शासन प्रणाली को संचालित करने का आधार हमारा संविधान है। संविधान में प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का उल्लेख है। हर व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों का भी भलीभांति निर्वहन करे। संविधान के आधार पर संचालित लोकतांत्रिक प्रणाली हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे रही है। जिले का हर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जिले और देश के विकास में योगदान दे।

## कमिश्नर ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभाग के सभी जिलों में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। कमिश्नर ने कहा है कि हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान हमारी शासन व्यवस्थाए प्रशासनिक व्यवस्था और न्याय व्यवस्था का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को नागरिक के रूप में कर्तव्यों की याद दिलाने के लिए गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विकास में योगदान दें। अपना कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करके देश को सुदृढ़ बनाएं।

## पीएमश्री एक्सीलेंस मॉडल साइंस कॉलेज में एन एस आई छात्र संगठन ने कॉलेज के छात्रों के साथ किया विरोध प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में पीएमश्री एक्सीलेंस मॉडल साइंस कॉलेज में आज एन एस आई छात्र संगठन ने कॉलेज के छात्रों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि पीएम श्री कॉलेज में छात्रों से जबरन बस किराय के नाम पर फीस वसूली की जा रही है, जबकि छात्र बस का उपयोग ही नहीं करते हैं। इसके अलावा जिस सब्जेक्ट की क्लॉस ही नहीं लगाई गई, उसमें छात्रों को रिज़ल्ट के दौरान शून्य अंक दिया गया। छात्रों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन में शामिल एन एस यूआई के ज़िला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि मॉडल साइंस कॉलेज के छात्रों की समस्याओं को लोकर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

एन एस यूआई ज़िला अध्यक्ष का आरोप है कि पीएम श्री घोषित मॉडल साइंस कॉलेज में छात्रों से बस किराए के नाम पर जबरन फीस की वसूली की जा रही है, जबकि छात्र कॉलेज जाने और आने में बस का उपयोग ही नहीं करते हैं। इसके अलावा इंटर्नशिप फील्ड प्रोजेक्ट के घोषित रिज़ल्ट में छात्रों को शून्य नंबर दिया गया है। जबकि कॉलेज में इंटर्नशिप फील्ड प्रोजेक्ट की क्लास ही नहीं लगाई गई। ऐसे में विश्वविद्यालय के मूल्यांकन विभाग की लापरवाही से छात्रों को शून्य अंक देकर फेल कर दिया गया।

## गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बलए होमगार्डए एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायोंए जनपद पंचायतोंए ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातरू सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ता पर बदमाशों ने किया जानलेवा हमला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में शुक्रवार देर रात भाजपा कार्यकर्ता पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई इस घटना में हमलावरों ने रॉड और लाठी-डंडों से हमला किया और पिस्तौल भी दिखाई। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनके सिर पर 14 टांके लगे हैं। शनिवार को इस घटना का सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी पिस्तौल लहराते दिख रहे है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़ित आलोक त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोग शहर में नशे का अवैध कारोबार कर रहे हैं। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। इसी के बाद से आरोपी उससे नाराज़ थे और लगातार धमकियां दे रहे थे। शुक्रवार रात को जब वो किसी काम से शहर में निकला तो रेलवे ओवरब्रिज के पास आरोपियों ने उसे अपने पास बुलाया। इसके बाद अचानक करीब 8 लोगों ने उस पर रॉड और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान जब स्थानीय लोगों ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की तो उनमें से एक ने पिस्तौल तान दी। इसके बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए।

## कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की दी शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि देश की शासन प्रणाली को संचालित करने का आधार हमारा संविधान है। संविधान में प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का उल्लेख है। हर व्यक्ति अपने अधिकारों के साथ.साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों का भी भलीभांति निर्वहन करे। संविधान के आधार पर संचालित लोकतांत्रिक प्रणाली हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे रही है। जिले का हर नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जिले और देश के विकास में योगदान दे।

## कलेक्ट्रेट में कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातरू 8 बजे ध्वजारोहण करेंगी। संबंधितजनों को नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय: उप मुख्यमंत्री

# सपत्नीक महाकुंभ प्रयागराज में संगम स्नान कर किया पूजन



**मीडिया ऑडीटर, सतना/रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सपत्नीक प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा.अर्चना की। पतित पावनी मां गंगाए मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के इस दिव्य संगम में उन्होंने स्नान कर समस्त जनकल्याण एवं प्रदेश की समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं कीं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि महाकुंभ के इस पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में स्नान कर अनुगृहीत हूं।

यह स्थान केवल तीर्थ नहींए बल्कि अध्यात्मए श्रद्धा और संस्कार का प्रतीक है। यहां का पवित्र जल मानव जीवन को शुद्ध और समृद्ध बनाता है। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की सराहना की। लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और स्नान के लिए की गई सुविधाएं अनुकरणीय हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मां गंगा से प्रदेश की सुख-समृद्धि और नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। साथ हीए उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कुंभ के इस अवसर पर मां गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि कुंभ भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं की महिमा का वाहक हैए जो पूरे विश्व के नागरिकों को भारतीय आध्यात्म की शक्ति काए शांति का परिचय प्रदान करता है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 287/न.पा.नि./राजस्व/2025 रीवा, दिनांक 23/01/2025

### अचल सम्पति नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुरानी सब्जी मंण्डी रीवा जो नगर नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में निर्मित दुकान क्रमांक 103/32 श्री मुकेश कुमार वाधवानी पिता श्री केवल रामवाधवानी को 35 माह के लिये किराये पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्री अमित मखीजा पिता श्री प्रकाश चंन्द्र मखीजा निवासी वार्ड क्र. 19 घोघर रामलीलीला मैदान के सामने रीवा के नाम किये जाने हेतु दिनांक 02.09.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान क्रमांक 103/32 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री मुकेश कुमार वाधवानी के आवेदन अनुसार उक्त दुकान क्रमांक 103/32 का नामांतरण श्री अमित मखीजा पिता श्री प्रकाश चंन्द्र मखीजा निवासी वार्ड क्र. 19 घोघर रामलीलीला मैदान के सामने रीवा के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

उपायुक्त (राजस्व)
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## विचार

# महामंडलेश्वर ममता बाई के हाथों में धर्म –ध्वजा

हिंदुत्व पर खतरों को लेकर हमेशा फिक्रमंद रहने वाले आरएसएस और भाजपा को अब बेफिक्र हो जाना चाहिए ,क्योंकि अब हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए खूबसूरत फिल्म अभिनेत्री सुश्री ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर बनकर धर्म ध्वजा उठा ली है। ममता के सन्यासी बनने और सीधे महामंडलेश्वर बनने से मेरी समझ में आ गया है कि हमारे सनातनी हिन्दू धर्म में सब कुछ बनना उतना जटिल नहीं है जितना दुनिया वाले समझते हैं। यहां आप जब चाहे अपना महिमा मंडन करा सकते हैं और महामंडलेश्वर की पदवी हासिल कर सकते हैं। हिन्दू धर्म में ठेका प्रथा बहुत पुरानी है। भाजपा केपास तो हिन्दू धर्म का ठेका 1980 में जन्म के साथ आया था। महाकुम्भ में इस समय हिन्दू धर्म की रक्षा करने वाले 14 अखाड़े मौजूद हैं ,जिस्मने से सबसे नए किन्नर अखाड़े को अभी तक अखाडा परिषद ने अधिमान्यता नहीं दी है ,लेकिन इसी अखाड़े ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बना दिया है। हालाँकि महामंडलेशवर बनना इतना आसान काम नहीं है जितना ममता के लिए इसे कर दिया गया। महामंडलेश्वर बनने से पहले सन्यासी की को थानापति ,कोतवाल,कोठरी,भंडारी और कारोबारी बनना पड़ता है ,जो ममता को नहीं बनना पड़ा।

मेरी अल्प जानकारी के मुताबिक नागा परम्परा में साधु-संतों की मंडलियां चलाने वालों को मंडलीश्वर कहा जाता था। 108 और 1008 की उपाधि वाले संत के पास वेदपाठी विद्यार्थी होते थे। अखाड़ों के संतों का कहना है कि ऐसे महापुरुष जिन्हें वेद और गीता का अध्ययन हो, उन्हें बड़े पद के लिए नामित किया जाता था। पूर्व में शंकराचार्य अखाड़ों में अभिषेक पूजन कराते थे, वैचारिक मतभेद के बाद यह काम महामंडलेश्वर के जिम्मे हो गया। अखाड़ों ने अपने महामंडलेश्वर बनाना शुरू कर दिए।

कायदे से महामंडलेश्वर वो ही बन सकता है जो साधु संन्यास परंपरा से हो।वेद का अध्ययन, चरित्र, व्यवहार व ज्ञान अच्छा हो।

और अखाड़ा कमेटी उसके निजी निजी जीवन की पड़ताल से संतुष्ट हो।सब कुछ सामान्य होने के बाद संन्यासी का विधिवत पट्टकाभिषेक कर महामंडलेश्वर पद पर अलंकृत किया जाता है। फिर महामंडलेश्वर के बीच आपसी सहमति से आचार्य के पद पर अलंकृत किया जाता है। इसके बाद अखाड़े की सारी गतिविधियां आचार्य महामंडलेश्वर के हाथ संपन्न कराई जाती हैं।ममता के लिए ये सब शॉर्टकट से हो गया।

मुझे ममता के महामंडलेश्वर बनने से कोई आपत्ति नहीं है। मै तो चाहता हूँ कि फिल्म जगत की ही नहीं बल्कि राजनीति की तमाम हस्तियों को इसी तरीके से धर्मध्वजाएं उठाना चाहिए ,लेकिन कहने वाले कहाँ चूकते है। वे तो कहेंगे ही कि ममता जी का सन्यास ठीक वैसा ही है, जैसे कोई बिल्ली सौ-सौ चूहे खाकर हज करने चली जाये। ममता जी के ऊपर ये कहावत लागू होगी या नहीं ,मुझे नहीं पता, किन्तु मुझे इतना याद है कि ममता जी के फ़िल्मी कैरियर में अभिनेता ही नहीं डॉन भी आये। वे विवादों से घिरी रहीं। लेकिन पिछले दो दशक से उनकी कहीं कोई चर्चा नहीं थी। इसलिए लगता है कि उन्होंने अपने आपको सचमुच बदल लिया है।

देश में 144 साल बाद के इस महाकुम्भ का यदि सबसे बड़ा हासिल कुछ है तो वो ममता कुलकर्णी का सन्यासी बनना है।

# स्वर्णिम भारत का पर्याय है सांस्कृतिक विरासत

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

**भारत में वर्ष 2025 में 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे हो गए। गणतंत्र दिवस 2025 की थीम/प्रसंग है- स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। गणतंत्र दिवस 2025 के मुय अतिथि के तौर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को चुना गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 13 दिसंबर 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किया गया था। इसे 22 जनवरी 1947 को स्वीकार किया गया था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया। आजादी के बाद देश को चलाने के लिए डॉ भीमराव अबेडकर के नेतृत्व में हमारे देश का संविधान लिखा गया। जिसे लिखने में पूरे 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन लगे। 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।**



गणतंत्र दिवस की पहली परेड 1955 ई. को दिल्ली के राजपथ पर हुई थी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और हर साल 21 तोपों की सलामी दी जाती है। गणतंत्र दो शब्दों से मिलकर बना है। गण और तंत्र। वैदिक काल में गण का शाब्दिक अर्थ था दल/समूह/लोक। तंत्र का शाब्दिक अर्थ होता है डोरा/सूत (रस्सी)। अर्थात ऐसी रस्सी/डोरा, जो लोगों के समूह को जोड़े। लोकतंत्र कहलाता है और यही गणतंत्र है। अतएव हम कह सकते हैं कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को लागू किये जाने का द्योतक है। संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द बाद में भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा भारतीय आपातकाल के दौरान जोड़े गए थे। भारत में आपातकाल (25 जून 1975 – 21 मार्च 1977) के दौरान, इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान के बयालीसवें संशोधन में कई बदलाव किए थे। इसी संशोधन के ज़रिए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संप्रभु और लोकतांत्रिक शब्दों के बीच जोड़ा गया और राष्ट्र की एकता शब्दों को राष्ट्र की एकता और अखंडता में बदल दिया गया। भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। अतएव भारत में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से स्वावलम्बन, स्वाभिमानता और समानता परिलक्षित होती है।

स्वावलम्बिता, स्वाभिमानिता और समानता के मूल में स्वाधीनता वास करती है। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, विचारों की स्वतन्त्रता, विश्वास की स्वतन्त्रता, आस्था और पूजा की स्वतन्त्रता स्वतंत्र भारत की पहचान है। अतएव हम कह सकते हैं कि अक्षुण्ण विरासत और विकास की सेतु पर खड़ा सविधान ही भारतीय गणतंत्र व्यवस्था की पहचान है। आत्मविश्वास का होना ही आपको आत्मनिर्भर बनाता है। भगवद गीता में लिखा है नायं आत्मा बलहीनेन लभ्य: अर्थात यह आत्मा बलहीनो को नहीं प्राप्त होती है। आत्मबल ही आत्मविश्वास की जननी है। आत्मबल और आत्मनिर्भर शब्द एक दूसरे के पूरक हैं। आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बी होने को दर्शाता है। स्वावलम्बन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलम्बी अवश्य होना चाहिए। रामराज्य की परिकल्पना मोहनदास करमचंद गांधी की दी हुई थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के पश्चात ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी जी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाया। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बिता स्वतंत्र होने की एक कड़ी है। जब हम स्वतंत्र होंगे तभी हम स्वाभिमानी होंगे अर्थात स्वाभिमानिता के लिए स्वाधीनता जरुरी है। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राम राज्य भगवान राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीँ दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ा है।

यदि स्वावलम्बन, समानता और स्वाभिमान की बात करनी हो तो गांधी के रामराज्य की कल्पना करनी होगी। अतएव हम कह सकते हैं कि स्वतन्त्रता, गांधी के रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित होनी चाहिए। सभी राजनैतिक पार्टियों को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत है। वास्तव में भारत तभी स्वावलम्बी और स्वाभिमानी बन पाएगा। भारत को रामराज्य की परिकल्पना अपने पूर्वजों या पुरखों से विरासत में मिली हैं। रामराज्य की परिकल्पना रूपी विरासत को संजोकर रखने की जरुरत है। अयोध्या का राम मंदिर अपनी सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय उदाहरण है। भगवान् राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम मंदिर को पुनर्जीवित करना ही अपनी विरासत को सम्हालने का एक अच्छा उदहारण है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पुण्य कार्य का श्रेय जाता है। किसी भी देश की विरासत उस देश के विकास की आधारशिला होती है। पुरखों से प्राप्त वस्तु, सम्पत्ति आदि को विरासत कहा जाता है। पूर्वजों द्वारा प्राप्त की गई वस्तु या संपत्ति आदि को ही विरासत कहा जाता है। विश्व में भारत अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक दृष्टिकोण से स्वर्णिम स्थान रखता है। भारत विविध धर्मों, जातियों, भाषाओं,और संस्कृतियों का देश रहा है। भारत में मुख्यत: निम्नलिखित विरासतें हैं–1.सांस्कृतिक विरासत 2.प्राकृतिक विरासत 3. मिश्रित विरासत।

सांस्कृतिक विरासत दो प्रकार की होती है- मूर्त संस्कृति और अमूर्त संस्कृति। सांस्कृतिक विरासत में मूर्त संस्कृति जैसे इमारतें, स्मारक, परिदृश्य, अभिलेखीय सामग्री, किताबें, कला के कार्य और कलाकृतियाँ आदि आते हैं। अमूर्त संस्कृति जैसे लोकगीत, परंपराएँ, भाषा और ज्ञान) और प्राकृतिक विरासत (सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण परिदृश्य और जैव विविधता सहित) शामिल हैं। मिश्रित विरासत स्थलों में प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों प्रकार के महत्त्वपूर्ण तत्त्व शामिल होते हैं। भारत में 43 यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें सांस्कृतिक, प्राकृतिक और मिश्रित स्थान शामिल हैं। भारत में यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) द्वारा अनुरक्षित मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में 15 अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घटक शामिल हैं। इन धरोहर स्थलों से विदित होता है कि भारत ने विरासत में अपने पूर्वजों से और प्रकृति से स्वर्णिम धरोहर प्राप्त किये। भारत में रामायण (बाल्मीकि), महाभारत व भगवद गीता (वेद व्यास), मनु स्मृति (ऋषि मनु),अभिज्ञान शाकुंतलम (कालिदास), रामचरित मानस (तुलसीदास),आदि असंख्य ग्रंथों की रचना ऋषि मुनियों ने की। वेद, पुराण, उपनिषद और दर्शन आदि ये सभी भारतीय विरासत के अभिन्न अंग हैं। वेदों से ही चौथा वेद अथर्वेद आया। आज विश्व में आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में स्वर्णिम भारत की छवि को विश्व पटल पर रख चूका है। महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग दर्शन से ही आज विश्व प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की ही देन है जिसकी वजह से 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया।

भारत ऋषि मुनियों और देवताओं की भूमि रही है जहां राजा हरिश्चंद्र (सतयुग), भगवान् राम (त्रेता युग), भगवान् कृष्ण (द्वापर युग) आए।

# जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के संदर्भ में अमेरिकन राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को उद्धृत करते हुए कहा जाता है कि 'जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सिद्धान्तत: यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 76 वें वर्षगाँठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है।

सैद्धान्तिक रुप से जनतन्त्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतन्त्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतन्त्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति-भाषा- व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बँधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है।

निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असन्तोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धँसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षीदल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस बिडम्बना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।

मनुष्य की प्रकृति सामन्तवादी है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएँ जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामन्तों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की



उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है। भाई-भतीजावाद, वंशवाद, वोट बैंक सुदृढ़ करने की मानसिकता, जनता की गाढ़ी कमाई पर ऐश करने की ऐसी ही दुरभिलाषाओं के कारण आज हमारा जनतंत्र अपना वास्तविक अर्थ खोकर असंतोष और अराजकता की ओर अग्रसर हो रहा है।

संज्ञा बदल जाने से स्वभाव नहीं बदल जाता। इसी प्रकार सामन्ती मानसिकता भी जनतांत्रिक संज्ञा धारण करने से नहीं बदल सकती। अभावों और संकटों से जूझते ऋणग्रस्त देश के जनतांत्रिक ध्वजवाहक के वस्त्रों का पेरिस से धुलकर आना हमारी सामन्ती मानसिकता को मौन समर्थन देने की चूक थी। यदि अपने जनतांत्रिक नेतृत्व की इस सामन्ती प्रवृत्ति को हमने समय रहते समझ लिया होता तो हमारा जनतंत्र भ्रष्टाचार का शिकार न बनता। उसका स्वरूप अधिक लोकमंगलकारी होता। उसकी छवि अधिक उज्ज्वल होती। जनता सदा नेता का, प्रजा सदा राजा का अनुसरण करती है। रावण के राजा रहते राम से युद्धरत रहने वाले लंकावासी विभीषण के राजा बनते ही राम के शरणागत हो जाते हैं।

महात्मा गाँधी जब अपने दीवान परिवार की ऐश्वर्य और वैभवपूर्ण सुख-सुविधाओं को त्यागकर देश सेवा के लिए लंगोटी धारणकर आजादी की लड़ाई में उतरते हैं तो लाखों-करोड़ों भारतीय अपनी व्यक्तिगत सुविधाओं और पारिवारिक उत्तरदायित्विों की परवाह किए बिना उनके पीछे चलकर देशहित में हर संभव त्याग करते हैं किन्तु जब स्वतंत्र भारत का शीर्ष नेतृत्व विलासितापूर्ण जीवनशैली अपनाता है तो धीरे-धीरे हमारे नेता भी बड़ी संख्या में विलासी जीवन जीने के अभ्यस्त हो जाते हैं जिसकी परिणिति व्यापक भ्रष्टाचार के रूप में सामने आती है। सत्ता सेवा का नहीं व्यक्तिगत सुविधाएं संचित करने का साधन बनकर वोफोर्स, हवाला, चारा, व्यापम आदि असंख्य घोटालों का शिकार हो जाती है।

जनतंत्र जनसेवा की आदर्श व्यवस्था है। उसके सम्यक् संचालन के लिए अनुभवी, ईमानदार और ऐसे न्यायप्रिय निर्भीक नेतृत्व की आवश्यकता है जो समस्त संकीर्णताओं और दलीयस्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण समाज के लिए उचित निर्णय ले और जिसे सब स्वीकार करें, किन्तु विडम्बना यह है कि वर्तमान जनतांत्रिक व्यवस्था का आधार दलगत राजनीति है और दलगत राजनीति की कोख से जनमे नेतृत्व का सर्वस्वीकृत होना प्राय: असंभव है।

# आग से केमिकल प्लांट खाक, धमाके से थर्राए लोग, 5 किमी दूर से दिख रहा था धुएं का गुबार, 2 मजदूर घायल





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के तिल्दा नेवरा स्थित संजय केमिकल प्लांट में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। आग इतनी भयावह थी कि, 5 किलोमीटर दूर से ही धुएं का गुब्बार आसमान में दिख रहा था। आग के साथ भारी ब्लास्ट की आवाजें भी सुनाई दे रही थीं। जिससे आसपास के इलाके के लोग सहम गए थे। आग से प्लांट पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

इस हादसे में काम कर रहे 2 मजदूर आग की चपेट में आकर घायल हो गए हैं। जिनका इलाज जारी है। 3 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। यह पूरा मामला तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र का है।

घटना सुबह करीब साढ़े 7 बजे की है। प्लांट में मजदूर ड्यूटी पर आ रहे थे। इस दौरान वहां पर एक केमिकल से भरा हुआ टैंकर खाली हो रहा था। एक मजदूर उसे पाइप के सहारे ड्रम में डाल रहा था। इस दौरान वॉल्व के पास अचानक आग उठने लगी। जो तेजी से पूरे पाइप में फैल गई। इससे मजदूर का पैर और चेहरे का हिस्सा झुलस गया। रायपुर के निजी अस्पताल में घायल को भर्ती कराया गया है। इसके अलावा एक अन्य मजदूर को हल्की चोटें आई हैं।

**देखते ही देखते पूरे प्लांट में फैल गई आग:** इस दौरान वहां पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। आग तेजी से प्लांट के भीतर फैल गई। तेज ज्वलनशील केमिकल फैक्ट्री में रखे होने की वजह से लपटें और धुएं की गुबार दूर तक दिखने लगी। वहां पर मौजूद अन्य टैंकर को आग से बचाया गया। लेकिन प्लांट का अधिकतर हिस्सा पूरी तरह जलकर राख हो गया।

**पड़ोस के रुई फैक्ट्री पर भी पहुंची आग:** इस घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी समेत बड़े पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फौरन आसपास के इलाकों में अन्य फैक्ट्रियों में आग को फैलने से बचाने के लिए प्रयास शुरू किया। लेकिन बताया जा रहा है कि पड़ोस के ही एक रूई फैक्ट्री में आग की लपटें पहुंच गई। जहां फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर काबू पाया है।

**फायर ब्रिगेड ने 3 घंटे में किया आग को कंट्रोल:** केमिकल प्लांट के इस हादसे में फायर ब्रिगेड की 9 गाड़ियों ने आग पर कंट्रोल पाया। तो वहीं कुछ गाड़ियों पर पानी रिफिल भी किया गया। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग पर कंट्रोल पाया। दमकल विभाग के हवलदार रोशन ठाकुर और उनकी टीम ने आग बुझाने में विशेष भूमिका निभाई है।

### बॉयफ्रेंड से बिछड़ने के डर से गर्लफ्रेंड ने पिया हार्पिक,मौत

## एक महीने पहले घर से भाग गई थी, सरपंच ने लिखवाया सुसाइड नोट



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली में प्रेमी से बिछड़ने के डर से प्रेमिका ने टॉयलेट क्लीनर हार्पिक पीकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि, करीब एक महीने पहले दोनों घर से भाग गए थे। लेकिन कुछ दिन बाद ही वापस आ गए। इसी बीच युवती ने हार्पिक पी लिया।

उसका करीब 25 दिनों तक मुंगेली में ही इलाज चला, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे कोरबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां 24 जनवरी को पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इससे पहले 22 दिसंबर 2024 को गांव के सरपंच और प्रेमी ने कोटवार की मौजूदगी में युवती से अपनी मर्जी से आत्महत्या करने सुसाइड नोट लिखवाया था।

**जानिए क्या है पूरा मामला:** जानकारी के मुताबिक, मुंगेली के नगवा गांव की रहने वाली कीर्ति पात्रे (22) और ललित लहरे (26) के बीच प्रेम प्रसंग था। मृतिका के पिता महेतरा पात्रे ने बताया कि, उसकी बेटी पड़ोस में ही रहने वाले ललित लहरे के साथ दिसंबर 2024 में भाग गई थी। उसका कहीं पता नहीं चलने पर पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तीसरे दिन वो वापस आ गए।

**अलग होने के डर से पिया हार्पिक:** लेकिन युवती ने प्रेमी से अलग होने के डर से घर के बाथरूम में रखा हार्पिक पी लिया। जानकारी लगते ही परिजन उसे आनन-फानन में मुंगेली अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा। लेकिन सेहत में सुधार नहीं हुआ। फिर ललित उसे घर ले गया। उसके लौटते ही गांव में बैठक बुलाई गई। जिसमें युवती ने प्रेमी के साथ रहने की बात कही।

**कोरबा लाते समय रास्ते में मौत:** उसकी जिद के आगे हार कर माता पिता भी घर लौट गए। वो ललित के घर रह रही थी। कुछ ही दिनों बाद उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ गई। उसने अपने माता-पिता को बुलाने कहा। जिस पर वो घर पहुंचे और बेटी को कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए, तब तक देर हो चुकी थी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

**सरपंच और प्रेमी ने लिखवाया सुसाइड नोट:** मृतिका के पिता ने बताया कि, बेटी के बुलावे पर वे उसके घर गए थे। तब गांव के सरपंच रवि जायसवाल समेत कुछ लोग मौजूद थे। उन्होंने बीमार बेटी से हार्पिक पीने के बारे में पूछताछ की। वो जो बता रही थी, उसे उससे ही लिखवाया गया। जिसमें उसे कुछ भी होने पर खुद की जवाबदारी होने की बात का उल्लेख कराया गया।

**पुलिस ने दर्ज किया परिजनों का बयान:** जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजुर के अनुसार, मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर मृतिका के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। मर्ग डायरी मुंगेली के लालपुर थाने में भेजी जाएगी। फिलहाल, पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। इससे संबंधित सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी।

## जिले में ध्वजारोहण करेंगी गोमती साय



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के आमाखेरवा ग्राउंड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे 26 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराऐंगी। कार्यक्रम में गोमती साय जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। तत्पश्चात वे परेड की सलामी लेंगी तथा इसके अलावा वे देश के लिए शहीद हुए जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगी। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभागीय झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी।

# तीसरे दिन एक भी नामांकन जमा नहीं, मेयर के लिए भाजपा से किसी ने नहीं खरीदा फार्म,आज छुट्टी के दिन भी होगा नामांकन





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवारों ने पार्टी में अपनी-अपनी दावेदारी की है। इसके साथ ही नामांकन फार्म भी ले रहे हैं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में नामिनेशन फार्म लेने वालों की भीड़ लगी रही है। इस दौरान पार्षद के लिए 68 लोगों ने नामांकन पत्र लिए। जबकि, एक भी नामांकन जमा नहीं किया गया।

कांग्रेस में टिकट मिलने की उम्मीद में नेता मेयर के लिए नामांकन खरीद रहे हैं। जबकि, भाजपा में अब तक किसी भी नेता ने मेयर के लिए नामांकन नहीं लिया है। शनिवार अवकाश होने के बाद भी निर्वाचन कार्यालय में नामांकन लिए और जमा किए जा सकते हैं।

कलेक्ट्रेट में जैसे-जैसे नामांकन जमा करने की तारीख बढ़ रही है, वैसे ही मेयर और पार्षद पद के दावेदारों की संख्या बढ़ने लगी है। शुक्रवार को नामांकन लेने वालों की भीड़ जुटी रही। तीसरे दिन तक मेयर के लिए अब तक किसी ने नामांकन जमा नहीं किया है। जबकि, पार्षद के लिए भाजपा-कांग्रेस से एक वार्ड से बस आवेदन जमा किया गया है।

हालांकि, नेता और कार्यकर्ता लगातार फार्म खरीद रहे हैं। तीसरे दिन वार्ड पार्षद के लिए 68 लोगों ने आवेदन लिया। इसमें कांग्रेस, भाजपा, निर्दलीय व अन्य दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं। जबकि, महापौर के लिए अब तक केवल पांच लोगों ने ही नामांकन लिया है। इसमें भाजपा के एक भी नेता नहीं है।

**भाजपा नेताओं के इशारों पर लिया नामांकन:** बताया जा रहा है कि, शुक्रवार को वार्ड पार्षद के लिए भाजपा संगठन के नेता उम्मीदवारों को फोन कर नामांकन लेने के लिए इशारा करते रहे। वहीं, कई दावेदारों को मंडल अध्यक्षों की तरफ से कॉल किया गया। इस दौरान जिन लोगों ने वार्ड पार्षद के लिए फार्म लिए हैं, उनकी टिकट पक्की मानी जा रही है।

**आज अवकाश के दिन भी खुला रहेगा दफ्तर:** निर्वाचन आयोग ने शनिवार 25 जनवरी को अवकाश के दिन भी नामांकन जमा करने की छूट दी है। इस दिन कलेक्ट्रेट में शासकीय अवकाश नहीं रहेगा। शनिवार अवकाश होने के बाद भी निर्वाचन कार्यालय में नामांकन लिए और जमा किए जा सकते हैं।

**कांग्रेस में दावेदारों की फौज:** नामांकन की प्रक्रिया में एक दिलचस्प बात यह रही कि महापौर पद के लिए कांग्रेस में घमासान मचा है। शुक्रवार को कांग्रेस से दावेदारी करने त्रिलोकचंद्र श्रीवास ने नामांकन पत्र लिया। श्याम कुमार जायसवाल भी टिकट की दावेदारी करते हुए नामांकन फार्म लिया है। इससे पहले पूर्व महापौर रामशरण यादव, विनोद साहू, प्रमोद नायक, श्याम कश्यप सहित अन्य नेता नामांकन खरीद चुके हैं।

**निर्दलीय उम्मीदवार भी दिखा रहे सक्रियता:** भाजपा, कांग्रेस, आप और अन्य राजनीतिक पार्टी के साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है। वार्ड नंबर 23 महिला वार्ड होने की वजह से यहां से कांग्रेस व भाजपा के अलावा कई निर्दलीय भी फार्म लेने पहुंचे। इनमें अरुणा नागवंशी भी हैं, जिन्होंने पार्षद चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन फार्म लिया है।

# ट्रक से पकड़ा गया फोर्टिफाइड चावल

### प्रशासनिक और खाद्य अमले ने रात में जब्त किया ट्रक, आज होगी ट्रेडिंग सेंटर की जांच



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** अंबिकापुर में प्रशासन और खाद्य विभाग के संयुक्त अमले ने शुक्रवार रात खरसिया नाका के पास एक चावल लोड मिनी ट्रक को पकड़ा। जिसमें फोर्टिफाइड चावल मिला। प्रशासनिक अमले ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है। फोर्टिफाइड चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सप्लाई की जाती है। यह चावल एक ट्रेडिंग सेंटर में उतारा जाना था। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात प्रशासनिक अमले को सूचना मिली कि एक मिनी ट्रक में संदिग्ध रूप से अरूण ट्रेडिंग के सामने खड़ा है। मिनी ट्रक में अवैध धान होने की सूचना दी गई। सूचना पर अंबिकापुर तहसीलदार जयेंद्र सिंह सहित खाद्य विभाग का अमला मौके पर पहुंचा।

खरसिया नाका में ट्रेडिंग सेंटर के सामने स्वराज माजदा ट्रक मिनी क्रमांक सीजी 15 डीएम 8562 खड़ी मिली। प्रशासनिक अमले के पहुंचने पर मिनी ट्रक का चालक भाग गया।

**मिनी ट्रक में लोड मिला फोर्टिफाइड चावल:** प्रशासनिक और खाद्य अमले ने मिनी ट्रक में लोड बोरों की जांच की, तो प्लास्टिक के बोरों में फोर्टिफाइड चावल लोड मिला। मिनी ट्रक में जो बोरे लदे थे, उनका उपयोग धान बिक्री में लिया जाता है। प्रशासनिक अमले ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है।

फोर्टिफाइड चावल सिर्फ सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वितरित किया जाता है। इस कारण आशंका है कि, ये चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली से तस्करी कर ट्रेडिंग सेंटर लाया गया था। शनिवार को प्रशासनिक टीम ट्रेडिंग सेंटर की भी जांच करेगी। ट्रेडिंग सेंटर में भी अवैध चावल का भंडारण मिलने की आशंका है।

**एक पखवाड़े पूर्व पकड़ा गया था 13 लाख का चावल:** एक पखवाड़े पहले प्रशासनिक अमले ने खरसिया नाका के साईं ट्रेडर्स से 318 क्विंटल, श्रीराम ट्रेडिंग से 130 क्विंटल एवं बंसल ट्रेडर्स से 45 क्विंटल फोर्टिफाइड चावल जब्त किया था। जब्त चावल की कीमत 13 लाख रुपए बताई गई थी। ट्रेडिंग सेंटरों को पुलिस ने सील कर दिया था।

## कार पार्किंग के विवाद में सिर फोड़ा

### पुलिस के सामने झूमाझटकी का वीडियों वायरल, रातभर डंडा लेकर डटे रहे दोनों पक्ष



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में कार पार्किंग के विवाद में एक युवक का सिर फूट गया है। अड़ोसी-पड़ोसी के बीच हुए इस विवाद में रातभर बवाल होता रहा। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें दिख रहा है कि दोनों पक्ष पुलिस के सामने ही झूमाझटकी कर रहे हैं। फिलहाल इस मामले में खम्हारडीह पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आशुतोष मिश्रा ने थाने में शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि पड़ोसी के साथ कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र अवंति विहार की है। इस दौरान करीब आधा दर्जन लड़कों ने उनके साथ मारपीट की है। इस मारपीट के दौरान एक युवक का सिर बुरी तरह फूट गया। लड़कों ने डंडे और हाथ-मुक्का से मारपीट की है। इस मामले में आरोपी सिद्धार्थ, रवि और करण है।

**दोनों पक्षों ने पुलिस से की शिकायत:** हालांकि, इस मामले में दूसरे पक्ष ने भी पुलिस से शिकायत की है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई कर रही है। फिलहाल पुलिस ने किसी भी आरोपी को हिरासत में नहीं लिया है।

### 6 साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था महाराष्ट्र, नागपुर से पकड़ा गया



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** दुर्ग पुलिस ने 6 साल की मासूम बच्ची से रेप करने वाले आरोपी को उतई पुलिस और क्राइम ब्रांच ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। वो बच्ची के परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। घटना उतई थाना क्षेत्र का है।

क्राइम ब्रांच के डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने बताया कि, 18 जनवरी को परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि, उनकी 6 साल की बच्ची के साथ एक आरोपी ने रेप किया है। बच्ची ने उन्हें बताया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर सुनसान जगह ले गया था। इसके बाद आरोपी ने बच्ची को धमकी दी कि यदि वो किसी से कुछ बताएगी तो वो उसे जान से मार देंगे। साथ ही पुलिस में जाने पर उसके परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी। बच्ची जब दर्द से घर में रोने लगी और उसकी मां ने उससे प्यार से पूछा तो उसने पूरी सच्चाई बताई। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे।

**गोंदिया रेलवे स्टेशन से आरोपी गिरफ्तार:** दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महाराष्ट्र की तरफ भाग गया था। पुलिस ने जब उसका लोकेशन ट्रैस किया और सीसीटीवी फुटेज के जरिए उसका पीछा किया, तो उसका गोंदिया की तरफ जाने का पता चला। इसके बाद पुलिस त्रिनयन एप का सहारा लेकर गोंदिया रेलवे स्टेशन पहुंची और आरोपी को स्टेशन से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।

**एक बच्चे के बाप ने नहीं समझा मासूम का दर्द:** पुलिस ने बताया कि, उन्होंने गोंदिया रेलवे स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि वो शादीशुदा है और एक बच्चे का बाप है। इसके बाद उसने एक मासूम बच्ची का दर्द नहीं समझा और हैवान बन गया। पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद कैंडिडेट लिस्ट जारी

### भाजपा ने किरोड़ीमल नगर, लैलूंगा व घरघोड़ा के प्रत्याशियों के नामों का किया ऐलान




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में भाजपा ने 3 नगर पंचायतों के अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इसकी सूची आज दोपहर में जारी हुई। जिसके बाद और भी नगर पंचायतों के अध्यक्ष व पार्षदों के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हो सकती है।

शनिवार को भाजपा ने पहली लिस्ट किरोड़ीमल नगर पंचायत की जारी की है। इसमें भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए सुनीता मोहन विश्वकर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, वार्ड क्रमांक 1 के लिए हेमलाल विश्वकर्मा, वार्ड 2 के लिए राकेश विश्वकर्मा, वार्ड 3 के लिए लखन साहू, वार्ड 4 के लिए प्रियंका सहानी, वार्ड 5 के लिए रजनीकांत सिंह को पार्षद प्रत्याशी घोषित किया है।

वार्ड क्रमांक 6 के लिए नंदकुमार यादव, वार्ड 7 अमरनाथ सिंह, वार्ड 8 सेतराम साहू, वार्ड 9 प्रेमलता साहू, वार्ड 10 सुनीता चौहान, वार्ड 11 अनुषी सुखलाल सिदार, वार्ड 12 जानकी विनोद चंद्रा, वार्ड 13 सुरेखा सूर्यवंशी, वार्ड 14 प्रतिमा वाल्मिकी चौहान, वार्ड 15 रोहित कुमार को पार्षद प्रत्याशी बनाया है।

**घरघोड़ा में अध्यक्ष प्रत्याशी सुनील सिंह ठाकुर:** घरघोड़ा नगर पंचायत की सूची भी जारी हो गई है। ऐसे में भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए सुनील सिंह ठाकुर प्रत्याशी होंगे। वहीं, वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा के लिए सुख सिंह राठिया, वार्ड 2 में श्याम भोजवानी, वार्ड 3 भोलू उरांव, वार्ड 4 कौशिल्या सोनवानी, वार्ड 5 से अनिल लकड़ा, वार्ड 6 से यश सिन्हा को भाजपा से पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है।

वार्ड क्रमांक के लिए 7 सुनील जोल्हे, वार्ड 8 राजकुमारी डनसेना, वार्ड 9 पीतांबर निषाद, वार्ड 10 से शिशुपाल गोयल, वार्ड 11 से सरिता केशरी, वार्ड 12 से अनुराधा पैंकरा, वार्ड 13 कल्पना शर्मा, वार्ड 14 से दुर्गाचरण पैंकरा, वार्ड 15 से राजेश मित्तल को पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है।

**लैलूंगा में अध्यक्ष प्रत्याशी कपिल सिंघानिया:** लैलूंगा नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से कपिल सिंघानिया को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद के लिए भाजपा से लक्की कोसरिया, वार्ड 2 के लिए संध्या महंत, वार्ड 3 के लिए सरिता पटेल, वार्ड 4 के लिए सविता अग्रवाल, वार्ड 5 के लिए सुनील कुमार भगत को पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है।

वार्ड क्रमांक 6 से शीलकुमारी, वार्ड 7 से कृष्णा जायसवाल, वार्ड 8 के लिए रेखा शुम्भू सारथी, वार्ड 9 के लिए संतोष यादव, वार्ड 10 के लिए पवन कुमार निगानिया, वार्ड 11 के सुशीला मुंडा, वार्ड 12 लल्लु मुंडा, वार्ड 13 के लिए विनय कुमार गुप्ता, वार्ड 14 के लिए मनोज निगानिया, वार्ड 15 के लिए अमरजीत भगत को भाजपा से पार्षद प्रत्याशी बनाया गया है।

## शव दफनाने को लेकर फिर बवाल

### आदिवासी बोले-गांव में देवी-देवता का वास, दफनाने नहीं देंगे, विवाद के बाद मारपीट, 11 घायल

**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले में शव दफनाने को लेकर बवाल का सिलसिला जारी है। एक बार फिर शनिवार को बेलर गांव में भी 2 गुटों में जमकर मारपीट हुई। दरअसल, धर्मांतरित महिला की मौत के बाद उसे दफनाने को लेकर गांव के ही 2 गुट भिड़ गए।

इस घटना में आदिवासी समुदाय के 10 से 11 लोग घायल हो गए हैं। वहीं पुलिस ने 21 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है जिनमें 7 लोगों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भी भेज दिया गया है। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

मारपीट का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पुलिस की मौजूदगी में ही मारपीट हो रही है, जवान बीच बचाव की कोशिश कर रहे हैं। अब भी पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है। इधर, बस्तर पुलिस का दावा है कि स्थिति उनके कंट्रोल में है। पूरा मामला बड़ांजी थाना क्षेत्र का है।

**क्या है पूरा मामला:** जिले के दाबपाल गांव की रहने वाली धर्मांतरित महिला सुबरो पति बलि (40 साल) की किसी बीमारी की वजह से 3 दिन पहले मौत हो गई थी। इसके बाद परिजन उसके शव को पड़ोसी गांव बेलर में अपने निजी जमीन में दफनाना चाहते थे। वे शव लेकर गांव भी पहुंच गए थे। लेकिन, यहां आदिवासी समाज के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई।

## शाह बोले- केजरीवाल जैसा झूठ बोलने वाला नहीं देखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली भाजपा के मेनिफेस्टो का तीसरा भाग जारी करते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार काम नहीं करती तो आज दिल्ली रहने लायक नहीं होती। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में पार्टी के संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने केजरीवाल जैसा झूठा इंसान अपने पूरे जीवन में नहीं देखा है। अभी कुंभ लगा है, केजरीवाल डुबकी लगा लो तो झूठ बोलने के पाप कट जाएंगे। शाह ने आप सरकार पर घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूलों और मंदिरों, गुरुद्वारों को भी नहीं बख्शा। सबके ठेके दे दिए, हजारों करोड़ का घोटाला किया। केजरीवाल ने हर चुनाव में झूठे वादे किए हैं। भाजपा कोरे वादे नहीं करती। इससे पहले 7 जनवरी को भाजपा ने संकल्प पत्र का पहला हिस्सा जारी किया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को %विकसित दिल्ली की नींव% बताया था। इसके बाद 21 जनवरी को संकल्प पत्र का दूसरा हिस्सा पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया था। उधर, केजरीवाल ने भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र का तीसरा हिस्सा जारी करने वाली है। वो इसमें जरूर बताए कि उनका प्लान और विजन क्या है। केजरीवाल ने भाजपा से यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी का विजन कॉपी न करना।

## सैफ अली खान केस- एक्टर के ब्लड सैंपल लिए

**मुंबई (एजेंसी)।** 15 जनवरी की रात 2 बजे सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने शनिवार को एक्टर का ब्लड सैंपल लिया है। साथ ही पुलिस ने वो कपड़े भी जब्त कर लिए हैं, जो सैफ ने हमले के समय पहने थे। इससे पहले जांच अधिकारियों ने आरोपी शरीफुल के भी कपड़े बरामद कर लिए हैं। अब फोरेंसिक टीम आरोपी के कपड़े और सैफ के कपड़ों में मिले ब्लड सैंपल को मैच करेगी। सैफ अली खान ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि 16 जनवरी की रात वे और उनकी पत्नी करीना कपूर 11वीं मंजिल पर अपने बेडरूम में थे, जब उन्होंने अपनी नर्स एलियामा फिलिप की चीखें सुनीं। वे जहांगीर के कमरे की ओर भागे जहां एलियामा फिलिप भी सोती थीं। वहां उन्होंने एक अजनबी को देखा। जहांगीर भी रो रहा था। सैफ ने बताया कि उन्होंने अनजान शख्स को पकड़ लिया। इसके बाद उसने हमला कर दिया, जिससे सैफ घायल हो गए। इसके बाद हमलावर धक्का देकर भाग गया।

## दवा कंपनी के क्लिनिकल ट्रायल में 1 की मौत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में क्लिनिकल ट्रायल में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि नागेश वीरन्ना (33 साल) एक रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी के क्लिनिकल ट्रायल में शामिल था। ट्रायल के दौरान दी गई दवाओं के साइड इफेक्ट की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर बीएनएस की धारा 194 (3) के तहत अननेचुरल डेथ की रिपोर्ट दर्ज की है। रिसर्च कंपनी ने जांच में सहयोग करने की बात कही है। भाई बोला- दवा लेने के बाद नागेश के पेट में दर्द होता था मृतक की भाई रेवन सिद्दप्पा ने बताया कि दिसंबर, 2024 में हेल्थ इश्यूज के बाद नागेश को एक प्राइवेट हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# कटरा-श्रीनगर वंदे भारत का ट्रायल पूरा

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन का शनिवार सुबह ट्रायल किया गया। ट्रेन दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज (चिनाब ब्रिज) से होकर गुजरी। यात्रीगण कृपया ध्यान दें... कश्मीर जाने के लिए ट्रेन संख्या 244027, वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़ी है। जम्मू रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को दूसरी ट्रेनों का इंतजार कर रहे सैकड़ों यात्रियों ने यह सुनकर %भारत माता की जय% के नारे लगाए। यह खुशी इसलिए थी, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को पहली बार वंदे भारत ट्रेन मिलने वाली है। शनिवार को इसका ट्रायल पूरा हुआ। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। यानी 160 किलोमीटर का सफर 3 घंटे में पूरा किया। जम्मू-कश्मीर में चलने वाली यह ट्रेन खास तौर पर कश्मीर के मौसम के हिसाब से डिजाइन की गई है। बर्फबारी में भी यह आसानी से चलेगी। ट्रेन में लगा हीटिंग सिस्टम पानी की टंकियों और बायो-टॉयलेट को जमने से रोकेगा। ड्राइवर का विंडशील्ड और एयर ब्रेक माइनस टेंपरेचर में भी काम करेगा।पीएम फरवरी में इसका उद्घाटन कर सकते हैं। 11 जनवरी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक प्रोजेक्ट सपना सच होने जैसा है।



## केंद्र सरकार ने 942 गैलेंट्री अवॉर्ड की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वीरता (गैलेंट्री) और सेवा पदक (सर्विस मेडल) के लिए 942 नामों की घोषणा की। विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक पाने वाले 101 लोग हैं। सराहनीय सेवा के लिए मेडल पाने वाले 746 कर्मी हैं। 95 लोगों को वीरता पदक दिया गया। इनमें 5 नाम ऐसे हैं जिन्हें मरणोपरांत सम्मानित किया गया। इनमें डीएसपी पुलिस के डिप्टी एसपी हुमायूं मुजमिल, हेड कॉन्स्टेबल गिरजेश कुमार उद्दे कॉन्स्टेबल सुनील कुमार पांडे, हेड कॉन्स्टेबल रवि शर्मा और सिलेक्शन ग्रेड फायरमैन सतीश कुमार रैना शामिल हैं। जिन 95 गैलेंट्री अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है, इनमें 28




नाम नक्सल-उग्रवाद प्रभावित इलाकों से हैं। 28 नाम जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से, 3 नाम नॉर्थ-ईस्ट और 36 नाम दूसरे क्षेत्रों से हैं। वीरता पदक को पुलिसकर्मियों में सबसे ज्यादा नाम उत्तर प्रदेश से हैं। जम्मू-कश्मीर से 15 नाम हैं। ये सम्मान सैन्य, पुलिस और अन्य कर्मियों को वीरता और उनके बलिदान के लिए दिए जाते हैं। अमरनाथ आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करने वालों को सम्मान गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पदक से सम्मानित किए गए जम्मू-कश्मीर के 15 पुलिस अधिकारियों में से सात ने तीन साल पहले अमरनाथ यात्रा पर संभावित आतंकी हमले को टालने में अहम भूमिका निभाई थी। वीरता पदक प्राप्त करने वालों में डीएसपी हुमायूं भट भी शामिल हैं, जो सितंबर 2023 में दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद होने वाले चार अधिकारियों में से एक थे। भट को पिछले साल स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर असाधारण बहादुरी के लिए कीर्ति चक्र से भी सम्मानित किया गया था।

## राष्ट्रपति ने स्वीप गतिविधियों के लिए झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा को किया सम्मानित




**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नेहा मीणा को स्वीप गतिविधियों के सफल संचालन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया। सुश्री मीणा ने झाबुआ जिले में भगोरिया उत्सव की पारंपरिक परिधान पहने शुभंकर युगल 'चुनावी काका - चुनावी काकी' का उपयोग कर स्वीप अभियान चलाया। इससे मतदाता जागरूकता को बढ़ावा मिला। दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार और केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे।

## एफआईआईटीजेईई कोचिंग देश के 5 राज्यों में बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के 5 राज्यों में कोचिंग इंस्टीट्यूट एफआईआईटीजेईई ने अपने एग्जाम सेंटर अचानक बंद कर दिए हैं। कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एफआईआईटीजेईई, जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी आईटी-जेईई एग्जाम की तैयारी कराने वाला एक जाना माना इंस्टीट्यूट है। जिन शहरों में ये सेंटर बंद हुए हैं, वहां पेरेंट्स के पहुंचने से पहले ही संचालक ताला लगाकर भाग चुके थे। कई पेरेंट्स का कहना है कि वो लाखों की एडवांस फीस जमा कर चुके हैं। बावजूद इसके, बिना किसी अर्ली नोटिस के कोचिंग संस्थान ताला लटकाकर भाग




गए। एफआईआईटीजेईई के इन कोचिंग सेंटर्स में मेरठ में 400 स्टूडेंट्स, नोएडा में 2000 स्टूडेंट्स, भोपाल में 700 स्टूडेंट्स, पटना में 200 स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे। 1992 में आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र डीके गोयल ने एफआईआईटीजेईई की शुरुआत की थी।

## आप के चुनावी पोस्टर में पहली बार राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच पोस्टर पॉलिटिक्स जारी है। शनिवार को भी दोनों ही पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ पोस्टर जारी किए। आप ने कुछ वीडियो रिलीज किए। आप के पोस्टर में इस बार भाजपा नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और संदीप दीक्षित की भी तस्वीर नजर आई। आप ने दोनों को बेइमानों की लिस्ट में दिखाया। आप ने पहली बार राहुल गांधी पर भी पोस्टर के जरिए निशाना साधा।

वहीं, भाजपा ने एक्स पर शेयर किए पोस्टर में आप नेताओं को गुंडा कहा है। इसमें अरविंद केजरीवाल, ताहिर



हुसैन, अमानतुल्लाह खान, नरेश बाल्यान, मोहिंदर गोयल, संजय सिंह, सोमनाथ भारती, ऋतुराज झा, अखिलेश पति त्रिपाठी के नाम हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा में पोस्टर वॉर चल रहा है। चुनावी हिंदू वाले पोस्टर के जवाब में चुनावी मुसलमान का पोस्टर जारी किया है। इसमें अमित शाह को टोपी पहने दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में लिखा है- कभी सोचा है बीजेपी को चुनाव आते ही मुसलमानों की इतनी याद क्यों आती है।

## मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई हमले (26/11) के दोषी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को खारिज कर दिया था।

राणा के पास प्रत्यर्पण से बचने का ये आखिरी मौका था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जहां उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच



प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था।

## डल्लेवाल के अनशन का आज 61वां दिन,26 जनवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च की तैयारियां

**पटियाला (एजेंसी)।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन का आज 61वां दिन है। दाता सिंह वाला-खनौरी किसान मोर्चा पर चल रहे इस ऐतिहासिक सत्याग्रह को दो महीने पूरे हो गए हैं। किसान नेताओं ने कहा कि यह मोर्चा पूरी तरह से किसानों की मांगों पर केंद्रित है और इसका किसी अन्य मुद्दे से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने जनता और प्रशासन से अपील को है कि इस पवित्र आंदोलन को अपवित्र करने की कोई कोशिश न की जाए। अब डल्लेवाल की सेहत में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के पीजीआई में इलाज करवाने के सुझाव को डल्लेवाल ने मानने से इनकार कर दिया है। वहीं, बीते दिन डल्लेवाल लंबे समय बाद धूप में निकले। डॉक्टर्स की टीम की कोशिश है कि डल्लेवाल को 14 फरवरी तक तंदरुस्त किया जाए, ताकि वे बैठक में टेबल पर बातचीत कर सकें। किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि 13 फरवरी से चल रहे इस किसान मोर्चे का उद्देश्य केवल किसानों की मांगों को लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और पवित्र है। किसान नेताओं ने सभी किसानों और आंदोलन से जुड़े लोगों से अपील की कि वे इस आंदोलन की मर्यादा बनाए रखें और इसे किसी भी तरह से भटकाने या अपवित्र करने की अनुमति न दें। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक की लड़ाई है और इसे किसी भी बाहरी ताकत से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

## 11 राज्यों में कोहरे का अलर्ट, हिमाचल में बर्फबारी-बारिश रुकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने शनिवार को 11 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी में कमी आई है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी और बारिश रुक गई है। लेकिन ठंड बरकरार है। जम्मू-कश्मीर में अगले 5 दिन में सुबह का तापमान बढ़ने और रात का 1-3ए्ट गिरने का अनुमान है।

हिमाचल में अगले 4 दिन तक बर्फबारी-बारिश के आसार नहीं है। 5 जिलो में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट है। 29 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस दोबारा एक्टिव होने का अनुमान है। इससे बाद फिर से बर्फबारी हो सकती है। दिल्ली में शनिवार को आसमान साफ रहेगा,



तेज हवाएं चल सकती हैं। बिहार के 11 जिलों में कोल्ड-डे और 15 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट है। अगले दो दिनों तक ठंड से राहत नहीं मिलेगी। न्यूनतम तापमान 8 से 14 डिग्री के बीच रह सकता है।

पंजाब के 6 जिलों में कोल्ड वेव की चेतावनी है। एमपी में उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की कारण फिर से ठंड बढ़ी है। शुक्रवार को भोपाल में दिन का तापमान 6.8 डिग्री लुढ़ककर 22.6 डिग्री पर आया। अगले 3 दिन प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा। जम्मू-कश्मीर में 21 दिसंबर से शुरू हुए चिल्लई-कलां खत्म होने में अभी 5 दिन बाकी है। 40 दिन तक चलने वाला तेज ठंड का दौर 30 जनवरी को खत्म होगा। इसके बाद 20 दिनों का चिल्लई-खुर्द (छोटी सर्दी) और 10 दिनों का चिल्लई-बच्चा (कम सर्दी) का मौसम रहेगा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती कुमुदनी पयासी डायरेक्टर, कृषि उपज मण्डी सतना
रमाशंकर पयासी अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, रामपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवराज अहिरवार
वरिष्ठ बसपा नेता
विधानसभा रैगांव

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुन्ना सिंह चौहान
समाजसेवी
जिला - सतना (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कामता मिश्रा
कॉन्ट्रेक्टर
सीएम राइज स्कूल, जिला - सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.एल. गुप्ता
सहायक यंत्री
ब्लॉक नागौद, सतना (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वी.आर. सिंह
कार्यपालन यंत्री
पीडब्लूडी, सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मणिराज सिंह
वरिष्ठ बसपा नेता
विस क्षेत्र रामपुर बाघेलान, जिला - सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज सिंह
डायरेक्टर
स्वामी विवेकानंद योग संस्थान, नागौद, सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भगवानदास अग्गा
समाजसेवी
सिंधी कैम्प, जिला - सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद द्विवेदी
डायरेक्टर
तक्षशिला हा.से.स्कूल
अमरपाटन

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
शरद शुक्ला
युवा समाजसेवी, जिला - मैहर

गणतंत्र दिवस पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
राजा भइया तिवारी
समिति प्रबंधक बिरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस की आप सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं
तरुणेन्द्र प्रताप सिंह
जिला शिक्षा अधिकारी
सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती प्रसाद तिवारी
कार्यपालन यंत्री
पीआईयू, जिला - सतना (म.प्र.)

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जानी चौतरानी
समाजसेवी, सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिजेन्द्र पाण्डेय
रेंजर बरौंधा
वन मण्डल कार्यालय, सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पराज अग्निहोत्री
समिति प्रबंधक बर्ती
रामपुर बाघेलान, जिला - सतना

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
मानेन्द्र प्रताप सिंह 'मुन्ना भइया'
वरिष्ठ कांग्रेस नेता, चित्रकूट विधानसभा, सतना

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
कपिलदेव त्रिपाठी
समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्या. मेंहुती शखा-बिरसिंहपुर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह कछवाह
जिला पंचायत सदस्य
वार्ड क्र. 23
विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट, सतना

गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
देवदत्त सोनी
प्रदेश महामंत्री म.प्र. कांग्रेस कमेटी
जिला पंचायत सदस्य सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
परसवारा बिल्डिकॉन
अधि. विक्रेता : आयशर ट्रैक्टर
(सेल्स, सर्विस और पार्ट्स)
एन.एच.75 सतना-पन्ना रोड
सोहावल मोड़ के पास सतना (म.प्र.)
मो. : 7024820039, 9752669292

गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
होटल राम दरबार
चित्रकूट, म.प्र.
प्रो. सतीश चन्द्र जैन

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एस.एन.एस मिनरल्स
ग्राम-रेऊसा, मैहर, जिला-सतना
पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इन्द्रमणि तिवारी
परियोजना अधिकारी
महिला बाल विकास विभाग क्र.01, नागौद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पं. चन्द्रकमल त्रिपाठी
वरिष्ठ भाजपा नेता
विस चित्रकूट, सतना
भरतभूषण तिवारी
समाजसेवी
जिला - सतना

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामरूप पटेल
(अधिवक्ता)
जिला सतना (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष सोनी
जिलाध्यक्ष
म.प्र. पंचायत सचिव संगठन
जिला-मैहर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगमणि पैलेस
प्रो. दीपक अग्रवाल
जिला-मैहर (म.प्र.)

गणतंत्र दिवस पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
गुलजारीलाल त्रिपाठी
समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति हरिहरपुर
बिरसिंहपुर जिला सतना

समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा जिला-सतना (म.प्र.)
सभी ग्रामवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. ए.के. राय
बी.एम.ओ.
समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उचेहरा, सतना
अस्पताल में प्रसव करायें। परिवार नियोजन के स्थाई साधन एल.टी.टी./एन.एस.व्ही. अपनायें व अस्थाई साधन-ओरल पिट्स, कंडोम, आई.यू.सी.डी. लगवायें।
मीजल्स - रूबेला अभियान के तहत 9 माह में 15 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल व आंगनबाड़ी स्तर पर टीकाकरण करवायें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज ट्रांसलिंक्स प्रा. लि.
सूत्र सेवा बस आपरेटर, सतना

